Seventeenth Loksabha

an>

Title : Regarding Nanded-Bidar Railway line project.

श्री प्रतापराव पाटिल चिखलीकर (नांदेड़): सभापति महोदय, नांदेड़-बिदर रेल परियोजना जो कि मेरे संसदीय क्षेत्र की महाराष्ट्र और कर्नाटक दो राज्यों को जोड़ने वाली अत्यधिक महत्वपूर्ण रेल परियोजना है, जिसे सरकार द्वारा बजट का आकलन करने के उपरांत पिंकबुक में सम्मिलित करते हुए सैद्धांतिक मंजूरी दे दी गई है। मेरे द्वारा इस रेल परियोजना की प्रगति का ब्यौरा मांगने पर मुझे रेल मंत्रालय ने पत्र द्वारा अवगत कराया कि यह प्रस्ताव दोनों राज्य सरकारों की सहमति हेतु लंबित है अथवा महाराष्ट्र एवं कर्नाटक सरकारों के पास अनुमोदन हेतु विचाराधीन है। इस प्रक्रिया को लगभग एक वर्ष बीत चुका है, लेकिन कार्य में अभी तक कोई आगे प्रगति नहीं हुई है। मेरी सरकार से आग्रहपूर्वक मांग है कि दोनों संबंधित सरकारों को एक न्यूनतम समय सीमा के अंदर अपनी-अपनी सीमावर्ती इलाकों से भूमि अधिग्रहण तथा बजट के प्रावधान को स्वीकृति देकर शीघ्रातिशीघ्र केन्द्र सरकार को सौंपे ताकि इस रेल मार्ग के सभी लाभार्थी जिलों के ग्रामीण इलाकों को भी लाभ मिले और अधिकतम ग्रामीण इलाकों को रेल सेवाओं से जोड़ने का प्रधान मंत्री जी का सपना भी साकार हो।

माननीय सभापति : श्री सुब्रत पाठक जी।

श्रीमती केशरी देवी पटेल जी।